1

बिहार स्टेट पॉवर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड

निलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड, संचरण अंचल भागलपुर (सबौर) के आवासीय परिसर (कॉलोनी) में कुल 78 (अठहत्तर) आम वृक्षों के फलों की निलामी वर्ष 2017 के लिये अन्य सभी सेवा शर्तो के आधार पर दिनांक – 20.01.17 के अपराह्न तीन बजे तक विहित प्रपत्र में लिफाफा बन्द निविदा आमंत्रित किया जाता है।

उक्त फलों की निलामी के पूर्व अन्य सभी शर्ते अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

- निविदा पत्र का मूल्य रू0 500/– मात्र।
- विहित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अंतिम तिथि– 19.01.17 (अपराह्न पाँच बजे तक)।
- निविदा जमा करने की तिथि– 20.01.17 (3 बजे अपराह्न तक)।
- निविदा खुलने की तिथि– 21.01.17 (3 बजे अपराह्न)।

24/12/16

(सुभाष चन्द्र सिंह)
विद्युत अधीक्षण अभियंता
संचरण अंचल भागलपुर

बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड

कार्यालय
विद्युत अधीक्षण अभियंता
संचरण अंचल भागलपुर,पो0–सबौर
फैक्स सं0–06412451657

निविदा प्रक्रिया की शर्ते

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड संचरण अंचल भागलपुर प्रांगण के सबौर स्थित आवासीय कॉलोनी के बगीचा एवं आवासीय परिक्षेत्र में, आम के 78 (अठहत्तर) वृक्ष के फलो को निविदा वर्ष 2017 के लिए दिनांक– 20.01.17 को 3 बजे अपराह्न तक मोहर बन्द निविदा आमंत्रित किया जाता है।निविदा की अन्य शर्ते निम्नलिखित हैः–

- निलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस को सहायक कार्यपालक अभियंता संचरण अवर प्रमंडल सबौर से सम्पर्क कर निलामी योग्य वृक्षों का अवलोकन किया जा सकता है।
- निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 500.00 (पॉच सौ) मात्र जो लौटाया नही जायगा।
- निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तारीख दिनांक– 19.01.17 (पॉच बजे तक)।
- निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तारीख दिनांक– 20.01.17 (तीन बजे अपराह्न तक) ।
- निविदा प्रपत्र के साथ अग्रधन की राशि रू0 10000.00 (दस हजार) मात्र जो अग्रधन बैंक ड्राफ्ट के रूप में लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल भागलपुर के नाम से देय तथा भागलपुर में ही भुगतेय होगा। निलामी प्रक्रिया पुर्ण होने के पश्चात सफल अभिकर्ता को छोडकर बांकी अभिकर्ताओं का बैंक ड्राफ्ट लौटा दिया जायेगा।
- निविदा खुलने की तिथि– 20.01.17 (तीन बजे अपराह्न)।
- सफल निविदा दाता को निविदा की राशि तीन दिनों के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर उनकी हक समाप्त करते हुए अग्रधन की राशि जप्त कर ली जायेगी।
- निविदा में वर्णित वित्तीय शर्तो को सफल अभिकर्त्ता द्वारा पूरा नही किए जाने की स्थिति में द्वितीय एवं तृतीय क्रमानुसार अभिकर्त्ता को आमंत्रित करते हुए उनका अग्रधन राशि को निविदा के निर्णय तक रोक रखा जायेगा।
- निविदा प्रपत्र रू0 500.00 (पॉच सौ) नगद भुगतान कर रोकड़पाल संचरण अंचल भागलपुर से कार्य अवधि के दौरान प्राप्त किया जा सकेगा।
- निविदा प्रपत्र बैंक ड्राफ्ट के साथ बंद लिफाफे में सील कर दिनांक – 20.01.17 के तीन बजे अपराह्न तक संचरण अंचल भागलपुर (सबौर) के कार्यालय में डाक/कोरियर/स्वतः भेजा जा सकता है, दिनांक 20.01.17 के तीन बजे अपराह्न के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नही किया जायेगा।

P.T.O

- सफल अभिकर्त्ता को रू0 5000.00 (पाँच हजार) मात्र रोकड़पाल संचरण अंचल भागलपुर के पास जमा करना होगा, जो आम फलों को समाप्ति तिथि एवं किसी भी कर्मचारी अथवा पदाधिकारी से अभद्र व्यवहार नही करने तथा किसी भी प्रंकार की क्षति नही करने पर वापस किया जा सकेगा, निविदा प्राप्त कर्त्ता को फलों का संग्रहण अधिकार मात्र दिनांक– 31.08.17 तक ही मान्य समझा जायेगा साथ ही फल तोडाई से एक दिन पूर्व सहायक कार्यपालक अभियंता, सबौर / विद्युत कार्यपालक अभियंता (तकनिकी) को सूचित करना होगा।
- कॉलोनी परिसर में सफल अभिकर्त्ता द्वारा कंपनी की सम्पत्ती की क्षति होने पर उसकी जिम्मेवारी अभिकर्त्ता पर ही होगी, किसी भी अपराधिक तत्वों का कॉलोनी परिसर में प्रवेश निषेध होगा।
- निविदा संबंधि अन्य नियम शर्तो की सारी जानकारी किसी भी कार्य दिवस को संचरण अंचल भागलपुर कार्यालय से ली जा सकती है।
- निविदा हेतु बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड के पत्र में आंकलित न्युनतम राशि से डाक में राशि कम पाये जाने की स्थिति में निविदा निरस्त किये जाने का पूर्ण अधिकार, अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

24/12/16

विद्युत अधीक्षण अभियंता
संचरण अंचल भागलपुर